# Contrast enema (Hindi) - कंट्रास्ट एनीमा

Adult (18 years and over) | Patient information

**इस फॉर्म की एक नक़ल रोगी / वैकल्पिक निर्णय-निर्माता को ध्यान से पढ़ने के लिए दें और प्रक्रिया के बारे में कोई भी प्रश्न पूछने का समय दें। रोगी सूचना पत्र को रोगी के मेडिकल रिकॉर्ड में शामिल किया जाना चाहिए।**

## 1. एक कंट्रास्ट एनीमा क्या है और यह मुझे / रोगी को कैसे मदद करेगा?

एक कंट्रास्ट एनीमा  एक्स-रे की एक प्रक्रिया है जिसमे कंट्रास्ट (जिसे पहले एक्स-रे डाई कहा जाता था) का उपयोग किया जाता है, जैसे कि बेरियम और गैस्ट्रोग्रैफिन®। एनीमा को गुदा (पीछे के मार्ग) में डाला जाता है। यह प्रक्रिया बड़ी आंत्र / आंत (कोलन) की जांच करती है।





*Image 1: Contrast enema.*
*Illustration Copyright © 2019 Nucleus Medical Media, All rights reserved.*
*www.nucleusmedicalmedia.com*

## प्रक्रिया के लिए तैयारी

चिकित्सा इमेजिंग विभाग आपको अपनी प्रक्रिया के लिए तैयार होने के लिए निर्देश देगा।

सटीक और पूर्ण प्रक्रिया के लिए आंतें पूरी तरह से साफ़ होनी चाहिए। यह सुनिश्चित करने के लिए कि प्रक्रिया से पहले आपका पेट खाली है, आपको इसकी तैयारी के लिए किट (बोवेल प्रिपरेशन किट) दी जाएगी।

यदि आप गर्भवती हों या ऐसा लगता हो कि आप गर्भवती हो सकती हैं, तो कृपया कर्मचारियों को बता दें।

इस प्रक्रिया में किसी बेहोशी की दवा की आवश्यकता नहीं होती।

## प्रक्रिया के दौरान

एक छोटी चिकनी ट्यूब धीरे से आपके पीछे के मार्ग से कुछ अंदर तक डाली जाती है। ट्यूब के अंत में एक छोटा गुब्बारा फुलाया जाता है ताकि यह अपनी जगह पर रहे और कंट्रास्ट को बाहर निकलने से रोकने में मदद मिल सके

कंट्रास्ट धीरे-धीरे ट्यूब के माध्यम से आपके आंत्र में डाला जाता है। आपको एक्स-रे टेबल पर हिलने के लिए निर्देशित किया जाएगा ताकि कंट्रास्ट आपकी आंत्र की दीवारों पर लग सके, इससे एक्स-रे छवियों में आपका आंत्र देखा जा सकेगा। कभी-कभी नली के माध्यम से आंत्र में हवा डाली जाती है। एक्स-रे तस्वीरें ली जाती हैं।

एक बार सभी एक्स-रे चित्र ले लिए जाने के बाद, ट्यूब के माध्यम से कंट्रास्ट को आपके आंत्र से बाहर निकला जाएगा (जितना संभव हो)। फ़िर ट्यूब को आपके पीछे के मार्ग से हटा दिया जाएगा।

जब ट्यूब को आपके पीछे के मार्ग में डाला जाता है और गुब्बारा फुलाया जाता है, तो आपको बेआरामी  महसूस हो सकती है। आपको इस प्रक्रिया के दौरान भरा भरा सा और पेट में हलकी ऐंठन की महसूस हो सकती है, यह सामान्य है। कभी-कभी ऐंठन की बेआरामी को कम करने के लिए मांसपेशियों को आराम देने वाली दवा दी जा सकती है।

## 2. जोखिम क्या हैं?

इस प्रक्रिया के जोखिम और जटिलताएं हैं। प्रत्येक व्यक्ति की व्यक्तिगत स्थिति और परिस्थितियों के लिए विशेष जोखिम भी हो सकते हैं। कृपया चिकित्सक/क्लिनिशन से इस बारे में बात करें। जोखिम में यह सब शामिल हैं लेकिन इतने तक सीमित नहीं हैं:

**सामान्य जोखिम और जटिलताएँ**

- कब्ज - अतिरिक्त तरल पदार्थ और जुलाब (पेट साफ़ करने की दवाई ) पीने से इस में मदद मिल सकती है
- दस्त - इससे पानी की कमी हो सकती है, अतिरिक्त तरल पदार्थ पीने से इसमें मदद मिल सकती है।

**कम सामान्य जोखिम और जटिलताएं**

- हो सकता है चिकित्सीय और / या तकनीकी कारणों से प्रक्रिया संभव नहीं हो पाए।

**असामान्य जोखिम और जटिलताएं**

- एक्स-रे के संपर्क में आने से जीवनकाल का कैंसर का खतरा बढ़ जाता है
- आंत्र का छिद्रदार हो जाना। इसके लिए एंटीबायोटिक्स और सर्जरी की आवश्यकता हो सकती है
- आंत्र से रक्तस्राव। इसके लिए अन्य प्रक्रियाओं और / या सुधारात्मक सर्जरी की आवश्यकता हो सकती है
- यदि आप खून पतला करने वाली दवाई ले रहे हैं, जैसे कि जैसे कि वार्फरिन, एस्पिरिन, क्लोपिडोग्रेल (प्लाविक्स, इसोवर, कॉप्लेक्सिक्स), प्रसुगेल (एफिसिएंट), डिपाइरिनमोल (पर्सेंटिन या असर्सेटिन), टिसैगैलोर (ब्रिलिंटा), ऐक्सैबैन और एलब्रायन डाबीगाट्रन (प्रादाक्सा), रिवरोक्सेबन (ज़ेराल्टो) या पोषण देने वाली / वैकल्पिक दवाएं, जैसे मछली का तेल और हल्दी, तो रक्तस्राव आम बात है।
- बैक्टेरिमिया (रक्त में संक्रमण)। इसके लिए एंटीबायोटिक्स की जरूरत होगी
- कंट्रास्ट से एलर्जी प्रतिक्रिया। इसकी वजह से दाने, पित्ती, खुजली, मतली, बेहोशी या सांस की तकलीफ हो सकती है। इससे राहत पाने के लिए दवा दी जा सकती है।
- इस प्रक्रिया के परिणामस्वरूप मृत्यु बहुत ही असामान्य है।

### कंट्रास्ट एनीमा न करवाने के जोखिम क्या हैं?

यदि आप प्रस्तावित प्रक्रिया / उपचार / जांच / परीक्षण नहीं करवाना चाहते हैं तो इसके परिणाम हो सकते हैं। कृपया चिकित्सक/क्लिनिशन से इस बारे में बात करें।

## 3. क्या कोई विकल्प हैं?

प्रक्रिया करवाने के निर्णय लेने के लिए रोगी / विकल्प निर्णयकर्ता को विकल्पों को समझने की आवश्यकता होती है। कृपया अपने चिकित्सक / क्लिनिशन के साथ किसी भी वैकल्पिक उपचार विकल्पों के बारे में बात करें।

## 4. प्रक्रयिा के बाद क्या हो सकता है?

प्रक्रिया पूरी होने के बाद आप शौचालय जा पाएंगे। आपका मल कुछ दिनों के लिए सफेद दिखाई दे सकता है, यह सामान्य है।

कब्ज और पानी की कमी होने से बचने के लिए प्रक्रिया के बाद कुछ दिनों के लिए बहुत सारा पानी पीना महत्वपूर्ण है।

### जब आप अस्पताल से जाते हैं तो सुरक्षा के मुद्दे क्या हैं?

आप अपने नजदीकी आपातकालीन विभाग या जीपी के पास जाएँ यदि आप अस्वस्थ हो जाएँ या आपको यह हो :

- मल त्याग में या पेशाब करने में परेशानी हो
- पेट का नर्म या सख़्त महसूस होना
- पेट में लगातार अधिक दर्द रहना
- पीछे के मार्ग से रक्तस्राव (1/2 कप से अधिक रक्त)
- बुखार।

## 5. प्रक्रिया कौन करेगा?

किसी चिकित्सक/क्लिनिशनके अलावा कोई एक चिकित्सक / क्लिनिशन नैदानिक रूप से उपयुक्त प्रक्रिया / उपचार / जांच / परीक्षण में सहायता / संचालन कर सकता है।

यह एक चिकित्सक/क्लिनिशन हो सकता है जो प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा हो, हालांकि सभी प्रशिक्षण पाने वाले, सम्बंधित पेशेवर दिशानिर्देशों के अनुसार निगरानी अधीन होते हैं।

यदि आपको इस बारे में कोई चिंता है कि कौन सा चिकित्सक / क्लिनिशन प्रक्रिया करेगा, तो कृपया डॉक्टर / चिकित्सक से इस बारे में बात करें।

## 6. मुझे सहायता या अधिक जानकारी कहाँ से मिल सकती है?

अस्पताल की देखभाल: प्रक्रिया से पहले, दौरान और बाद में, के बारे में जानकारी क्वींसलैंड हेल्थ वेबसाइट www.qld.gov.au/health/services/hospital-care/before-after से मिल सकती है जहाँ आप अपने स्वास्थ्य संबंधी अधिकारों के बारे में पढ़ सकते हैं।

आप www.health.qld.gov.au/consent/bloodthinner पर रक्त पतला करने वाली दवाओं की सूची भी देख सकते हैं।

कर्मचारी मरीजों की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आवश्यकताओं में सहायता के लिए उपलब्ध हैं। यदि आप सांस्कृतिक या आध्यात्मिक सहायता चाहते हैं, तो कृपया अपने चिकित्सक / क्लिनिशन से इस बारे में बात करें।

क्वींसलैंड हेल्थ ने माना है कि एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर मरीज़ सबसे अच्छी नैदानिक देखभाल तब महसूस करेंगे जब उनकी संस्कृति को साझा निर्णय लेने के लिए शामिल किया जाता है।

## 7. प्रश्न

यदि आप  इस रोगी सूचना पत्र के किसी पहलू को नहीं समझे या अगर आपके अपने / रोगी की स्वास्थ्य स्थिति सम्बन्धी, इलाज के विकल्प और प्रस्तावित प्रक्रिया / उपचार / जांच / परीक्षण के बारे में कोई प्रश्न हैं तो कृपया आप चिकित्सक/क्लिनिशन से पूछें।

## 8. हमसे संपर्क करें

**आपातकालीन स्थिति में ट्रिपल जीरो (000) पर कॉल करें।**

यदि यह आपातकालीन स्थिति नहीं है, लेकिन आपको चिंता है, तो 13 HEALTH (13 43 25 84), दिन के 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन संपर्क करें।

© The State of Queensland (Queensland Health) 2021. Except as permitted under the *Copyright Act 1968*, no part of this work may be reproduced communicated or adapted without permission from Queensland Health. To request permission email: ip_officer@health.qld.gov.au